तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, सोमवार, 29 जुलाई 2024


10 लगातार बारिश से सड़कों में भरा पानी आवागमन...



10 पेंशन के लिए शिक्षकों की पूर्व सेवा गणना जरूरी







श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc.(N)
M.Sc.(N) | P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 9926129192
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com


## केंद्रीय बजट 2047 के विकसित भारत का संकल्प : केदार कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भाजपा जिला कार्यालय में रविवार को वनमंत्री केदार कश्यप ने केंद्रीय बजट में पारित किए गए प्रावधानों की आंकड़ों के साथ जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बजट में सभी सेक्टरों पर फोकस किया है। युवाओं के लिए विशेष प्रावधान किया गया। जिसमे युवाओं को कुशल बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं में बजट का प्रावधान किया है। बजट में नारी सशक्तिकरण के लिए 3 लाख करोड़ का प्रावधान किया है। वहीं 5 करोड़ अनुसूचित जनजाति परिवारों की उन्नति के लिए विशेष केंद्रीय योजनाएं चलाई जा रही है। कौशल विकास के क्षेत्र में भी प्रावधान है। उन्होंने कहा कि यह बजट 2047 के विकसित भारत का संकल्प है। इंद्रावती-जोरा के विवाद पर पूछे गए सवाल पर कहा कि इस विवाद पर ओड़िशा सरकार से सकारात्मक बातचीत जारी है और शीघ्र ही इस समस्या का समाधान निकाला जायेगा। उन्होंने कहा इंद्रावती नदी पर बैराज बनाने के विषय में भी सरकार विशेषज्ञों से सलाह ले रही है। उन्होंने जल विवाद को लेकर 4 राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक आगामी दिनों में होने की बात कही। प्रेसवार्ता में चित्रकोट विधायक विनायक गोयल, पूर्व विधायक डॉ सुभाउ कश्यप व संतोष बाफना, जिला पंचायत सदस्य रैतु बघेल, विद्याशरण तिवारी, श्रीनिवास मिश्रा, वेद प्रकाश पांडे, आर्येन्द्र सिंह आर्य, संग्राम सिंह राणा,आलोक अवस्थी,अविनाश श्रीवास्तव, ▶▶| शेष पेज 10 पर

### इंद्रावती-जोरा विवाद का किया जाएगा समाधान, ओड़िशा सरकार से करेंगे चर्चा

#### पूर्व सरकार के हर घोटाले की हो रही जांच

मंत्री री कश्यप ने कहा कि पूर्व सरकार में हुए घोटाले की जांच साय सरकार ने शुरू कर दिया है। बस्तर में डीएमएफटी में हुए करोड़ों के घोटाले की जांच शुरू करने की बात कही। उन्होंने कहा घोटाले बाज जो भी हो उन पर कार्रवाई की जाएगी। भ्रष्टाचार करने वाले बख्शे नहीं जाएंगे। मंत्री ने साफ तौर पर कहा की प्रदेश सहित बस्तर में हुए घोटाले की जांच के लिए समिति का गठन कर दिया है। हाल ही में हुए विधानसभा सत्र में कोंडागांव विधायक लता उसेण्डी ने स्ट्रीट लाइट के संबंध में सवाल उठाया है। सरकार ने जांच के आदेश दे दिए हैं।




#### बस्तर में रेल लाइन के लिए मोदी सरकार कटिबद्धः सांसद

सांसद महेश कश्यप ने रेल बजट में बस्तर को लेकर कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट बस्तर के जगदलपुर-रावघाट रेल लाइन को लेकर कुछ भ्रांतियां फैलाई जा रही है, जो कि गलत है। केंद्रीय बजट में जगदलपुर-रावघाट रेल लाइन के लिए नया अनुबंध और प्रावधान किया गया है। प्रदेश के लिए लगभग 3000 करोड़ का प्रावधान रेल बजट में किया गया है। जगदलपुर- रावघाट रेल निर्माण के लिए मोदी सरकार कटिबद्ध है।

### खबर संक्षेप

#### छात्रावास में मोमबत्ती जलाकर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि



**दुर्गुकोंदल।** कारगिल विजय के 25 वें वर्ष पर विकासखंड दुर्गुकोंदल के प्री पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास दुर्गुकोंदल में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। छात्रावास अधीक्षक सहदेव सोनवानी के मार्गदर्शन में शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए मोमबत्ती जलाकर छात्रावास के समस्त छात्रों के द्वारा श्रद्धांजलि दिया गया। अधीक्षक ने बच्चों से कहा कि सीमा पर तैनात वीर जवानों की वजह से हम आज शांति से जीवनयापन कर पा रहे है। ऐसे वीर जवानों को नमन है।

#### सर्पदंश से महिला की हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** कच्चे चौकी अंतर्गत कलगंपुरी निवासी खोरीन बाई यादव का सांप के काटने से 27 जुलाई को मौत हो गया। पुजारीपारा कलंगपुरी निवासी 30 वर्षीय मोहन यादव पिता अस्सीराम ने पुलिस को बताया कि मृतिका सुबह 3 बजें शौच के लिए गई हुई थी, उसी दौरान साप ने काट लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

#### ईलाज के दौरान हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** जिला अस्पताल कांकेर में 26 जुलाई को दोपहर पौने 1 बजे आंध्रप्रदेश के विजयवाड़ा निवासी श्रीनिवास का ईलाज के दौरान मौत हो गया। अस्पताल द्वारा कांकेर थाना में अस्पताली मेमो पेश करने पर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

#### सड़क हादसा में हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** सिकसोड़ थानांतर्गत कोयापारा भैसासुर निवासी विकेस कुमार दुग्गा का 26 जुलाई को सड़क दुर्घटना में मौत हो गया। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक 26 जुलाई को शाम 6 बजे मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीआर 8551 में सवार होकर निकला था। कुछ देर बाद पता चला कि आमाबेड़ा के पास सड़क हादसा में उसकी मौत हो गई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

**सावधानी :** सातों जिलों के एसपी को नक्सल प्रभावित इलाकों के पुलिस कैंप, थाना व चौकी में अलर्ट रहने निर्देश

## नक्सलियों का शहीदी सप्ताह शुरू बस्तर संभाग में सुरक्षा बल है अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

28 जुलाई से शुरू नक्सलियों का शहीदी सप्ताह को देखते हुए एक ओर जहां बस्तर संभाग में तैनात सुरक्षाबलों को सतर्क रहने कहा गया है। वहीं संभाग के सातों जिलों के एसपी को नक्सल प्रभावित इलाकों के पुलिस कैंप, थाना व चौकी में अलर्ट रहने निर्देश जारी किया गया है।

- स्मारक बनाकर शहीद साथियों की याद करते हुए ग्रामीणों की मौजूदगी में होता है आयोजन

गौरतलब है कि नक्सलियों द्वारा हर वर्ष 28 जुलाई से 3 अगस्त तक मारे गए नक्सली साथियों की याद में नक्सल शहीद स्मृति सप्ताह मनाया जाता हैं। इससे पूर्व अंदरूनी क्षेत्रों में जगह-जगह बैनर पोस्टर लगाकर बंद को सफल बनाने का आह्वान लोगों से किया जाता है। इस दौरान मारे गए नक्सलियों की याद में अंदरूनी इलाकों में शहीद स्मारक का निर्माण उनके द्वारा कराया जाता है। और स्मारक के चारों ओर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर मारे गए नक्सलियों की वीरता का बखान किया जाता है।

शहीदी सप्ताह के दौरान नक्सलियों का प्रयास रहता है कि इसका व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए तथा अंदरूनी क्षेत्रों में रास्तों को बंद कर आवागमन बाधित किया जाए जिससे इन इलाकों में फोर्स का मूव्हमेंट न हो। नक्सलिओं के शहीदी सप्ताह को देखते हुए जवानों को अलर्ट मोड पर रखते हुए नक्सली किसी अप्रिय घटना को अंजाम न दे सके इसके लिए बस्तर के अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार जवानों का सर्चिंग अभियान जारी है। इसके अलावा नक्सलियों के बंद के आव्हान को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने भी सतर्कता बरतते हुए किरंदूल से विशाखापटनम के बीच रेल्वे परिचालन को सीमित कर दिया है तथा मालगाड़ियों का परिचालन केवल दिन के समय ही किए जाने के निर्देश रेलवे प्रशासन ने दिए हैं।

#### नक्सलियों की पैठ हुई कम नहीं होगा बंद का असर



नक्सलियों के शहीदी सप्ताह को देखते हुए बस्तर पुलिस हमेशा की तरह ही संभाग में अलर्ट पर है। अंदरूनी इलाकों में सर्चिंग तेज कर दी गई है इसके अलावा थानों, चौकी व कैंपों में अलर्ट रहने निर्देश जारी की गई है। फोर्स की लगातार कार्रवाई से माओवादियों की पैठ कम होती जा रही है। नक्सलियों के बंद का आम लोगों पर कोई असर नहीं पड़ेगा और सामान्य जीवन व्यतीत होगा इसका प्रयास किया जा रहा है।

**सुंदरराज पी** आईजी बस्तर रेंज



#### शहीदी सप्ताह के दौरान संगठन की मजबूती का होता है प्रयास

प्रत्येक वर्ष नक्सली शहीदी सप्ताह मनाते है और इस दौरान उनका प्रयास संगठन को मजबूत करने का होता है। बैनर पोस्टर लगाकर बंद का आव्हान कर आवाजाही बंद करना इनका मुख्य प्रयास होता है। इस दौरान हिंसक गतिविधियां नहीं के बराबर होती है। फोर्स की भी आवाजाही भी अंदरूनी इलाकों में न हो इसका ध्यान रखकर बंद का आव्हान किया जाता है। इस दौरान स्मारक बनाकर ग्रामीणों के बीच सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है और जनता के सामने शहीद साथियों की वीरता का प्रचार प्रसार किया जाता है।

## पंचर दुकान में पुलिस का छापा, सट्टा पर्ची व 5.50 लाख रुपए किया जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के मध्य नयापारा स्थित एक पंचर दुकान में छापामार कार्रवाई करते हुए पुलिस ने सट्टा खिलाने वाले मास्टर माइंड समेत उसके दो साथियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से सट्टा पर्ची व 5.50 लाख रूपए नकद जब्त किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि पंचर दुकान की आड़ में दिव्यांग संचालक द्वारा सट्टा खिलाया जा रहा रहा है जिसके बाद देर की कार्रवाई की गई।

- शहर के बीच चल रहा था सट्टे का कारोबार, दिव्यांग समेत तीन गिरफ्तार
- जु0 आ प्रतिषेध अधिनियम धारा के तहत की कार्रवाई

एएसपी महेश्वर नाग ने बताया कि मुखबीर की सूचना पर एसपी शलभ सिन्हा के निर्देश पर टीम द्वारा नयापारा बीएसएनएल दफ्तर के करीब पंचर दुकान में रेड की कार्रवाई की गई। मौके से आदतन सट्टा खिलाने वाले हरीश भूरा 55 साल को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी के द्वारा सट्टा पट्टी लेते हुये लोगों को सट्टा खिलाना ▶▶| शेष पेज 10 पर

#### आरोपी पहले भी सट्टा मामले में हो चुका गिरफ्तार

एएसपी महेश्वर नाग ने बताया कि गिरफ्तार मास्टर माईंड व मुख्य दिव्यांग आरोपी आदतन सट्टेबाज है। जिसके खिलाफ पूर्व में भी सट्टा खिलाने के आरोपी में कार्रवाई की जा चुकी है। समझाइश के बाद भी वह बाज नहीं आ रहा था जिसके बाद पुख्ता जानकारी मिलने के बाद रेड की कार्रवाई की गई। लाखों रुपए नकद व सट्टा पर्ची के साथ उसे व उसके दो साथियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई।

## पेड़ गिरने से दो दिन 4 गांव में बंद रही बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के सर्वाधिक नक्सल प्रभावित कालेंग नाला के पास शुक्रवार की शाम को विशाल पेड़ विद्युत लाइन में गिरने से कोलेंग, मुंडागढ़, कांदानार, छिंदगुर गांवों में बिजली बंद रही। लगातार बारिश होने के बाद भी शनिवार को सहायक अभियंता पन्ना अहिरवार, कनिष्ठ अभियंता के नेतृत्व में कंपनी के 8 कर्मचारी रेनकोट के साथ गिरे हुए पेड़ को ▶▶| शेष पेज 10 पर



#### विषम परिस्थिति में कर रहे कर्मी काम

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर ने बताया कि कंपनी के एई, जेई, कर्मचारियों के साथ विषम परिस्थितियों के बाद भी उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए पहुंच रहे हैं। बारिश के होने के बाद भी बंद बिजली को बहाल कर रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं परेशानी नहीं हो सके।

## शहीदी सप्ताह से एक दिन पूर्व नक्सलियों के स्मारक को सुरक्षाबलों ने किया ध्वस्त

**जगदलपुर/दंतेवाड़ा।** नक्सलियों के शहीदी सप्ताह को नाकाम करते हुए सुरक्षाबलों 27 जुलाई को नक्सल संगठन के कंपनी कमांडर की याद में निर्माण कराए गए स्मारक को ध्वस्त कर दिया है। सर्चिंग के दौरान बारसूर थाना क्षेत्र के कोसलनार गांव में डीआरजी बस्तर फाईटर्स के जवानों ने ग्रामीणों के समक्ष स्मारक ध्वस्त कर नक्सलियों को करारा जवाब दिया है।

गौरतलब है कि नक्सलियों द्वारा हर वर्ष 28 जुलाई से 3 अगस्त तक मारे गए नक्सली साथियों की याद में नक्सल शहीद स्मृति सप्ताह मनाते हैं। इस दौरान मारे गए नक्सलियों की याद में अंदरूनी इलाकों में शहीद स्मारक का निर्माण उनके द्वारा कराया जाता है। ऐसे ही एक नक्सल स्मारक को दंतेवाड़ा जिले के बारसूर



थाना क्षेत्र स्थित ग्राम कोसलनार में जवानों ने ग्रामीणों की मौजूदगी में ढहा दिया जो माओवादी कंपनी कमांडर सतीश की याद में बनाया गया था। स्मारक बनाए जाने की सूचना पर जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा से डीआरजी व बस्तर फाईटर्स के जवान सर्च अभियान के लिए रवाना हुए थे। सर्चिंग के दौरान फोर्स को कोसलनार ग्राम के उत्तर दिशा में टेंट व नक्सल स्मारक दिखाई दिया, जिसे माओवादियों ने पूर्व में मारे गए माओवादी ▶▶| शेष पेज 10 पर


### पैरामेडिकल, स्वास्थ्य कर्मचारी, हॉस्पिटल प्रबंधन में चयन हेतु आवेदन सूचना 2024-25

**कार्यालय संचालक, मॉडर्न इंस्टिट्यूट ऑफ़ पैरामेडिकल साइंस संस्थान रायपुर (छ.ग.)**

छ.ग. के विभित्र चिकित्सालयों में पैरामेडिकल स्वास्थ्य कर्मचारी एवं हॉस्पिटल प्रबंधन कर्मी की पूर्ती हेतु संस्थान एक, दो एवं तीन वर्षीय विश्वविद्यालयिन पाठ्यक्रम (NSQF अधीन UGC धारा 22 (3) भारत सरकार अंतर्गत) में कक्षा 12वीं उत्तीर्ण छत्तीसगढ़ के विभित्र जिलों (रायपुर धमतरी, बिलासपुर, सरायपाली, जांजगीर) के केन्द्रों में कुल 960-960 सीटों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित है-

**केन्द्रों के नाम पाठ्यक्रम एवं कुल सीटे**

| केंद्रो की सूचि | मेडिकल लैब टेक्नीशियन | एक्सरे टेक्नीशियन | ओटी टेक्नीशियन | ऑप्टोमेट्री टेक्नीशियन | डायलिसिस टेक्नीशियन | कार्डियक केयर टेक्नीशियन | हॉस्पिटल मैनेजमेंट | हॉस्पिटल स्ट्रेलाइजेशन टेक्नीशियन | पेशेंट केयर मैनेजमेंट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 120 सीट | 120 सीट | 80 सीट | 80 सीट | 80 सीट | 120 सीट | 80 सीट | 80 सीट | 80 सीट |
| धमतरी | 120 सीट | 120 सीट | 80 सीट | 80 सीट | 80 सीट | 120 सीट | 80 सीट | 80 सीट | 80 सीट |
| बिलासपुर | 120 सीट | 120 सीट | 80 सीट | 80 सीट | 80 सीट | 120 सीट | 80 सीट | 80 सीट | 80 सीट |
| सरायपाली | 120 सीट | 120 सीट | 80 सीट | 80 सीट | 80 सीट | 120 सीट | 80 सीट | 80 सीट | 80 सीट |
| जांजगीर | 120 सीट | 120 सीट | 80 सीट | 80 सीट | 80 सीट | 120 सीट | 80 सीट | 80 सीट | 80 सीट |

**Diploma, Advance Diploma, B.Voc. By LU, UGC Approved Under Section 22 (3) of UGC Act, 1956 Notified in Govt. of India** आवेदन हेतु पात्रता कक्षा 12वीं उत्तीर्ण साथ ही महिला एवं पुरुष जिनकी न्युनतम आयु 17 वर्ष हो । आवेदन हेतु 12वीं में न्युनतम प्रतिशत अ.ज.जाति हेतु 42% अन. जाति हेतु 45% अन्य पि. वर्ग 50% एवं सामान्य हेतु 50% हो । दिव्यांगजन, सैनिक एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वर्ग हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित हैं एवं मेडिकल क्षेत्र में कार्यरत कर्मीयों को सीधे प्रवेश । आवेदक निम्न दिये गये आवेदन पत्र के प्रारूप को टाईप कर स्वयं स्पष्ट रूप से भरे साथ ही 30/- का डाक टिकट चस्पा किये गये 10x4 का सफेद लिफाफे में अपना स्वयं का स्पष्ट पूरा पता, पिनकोड सहित आवेदन पत्र के साथ निर्धारित तिथि तक कार्यालय के पते पर स्पीड पोस्ट/रजिस्ट्री द्वारा भेजे।

**कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 24/8/2024 है।**

**डाक द्वारा जमा करने की अंतिम तिथि 12/8/2024 है।**

**नोटः मेरिट लिस्ट के अनुसार चयनित उम्मीद्वार को काल लेटर, ईमेल, वाट्सअप एवं मोबाईल मेसेज द्वारा सूचित कर दी जाएगी।**

**आवेदन हेतु पात्रता**

**कार्यालय का पूरा पता । क्षेत्रीय कार्यालय, मॉडर्न इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस (MIPS) जलगृह मार्ग, शीतला चौक के पास भाटागांव रायपुर (छ.ग.)**

प्रति,

संचालक

मॉडर्न इंस्टिट्यूट ऑफ़ पैरामेडिकल साइंस संस्थान रायपुर, (छ.ग.)

महोदय,..........पाठ्यक्रम में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ ।

आवेदक का नाम..........

पिता/पति का नाम..........

जन्म तिथि ..........

वर्ग अनु. जनजाति ☐ अनु. जाति ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐

पत्र व्यवहार का पता ..........

.......... पिन कोड ..........

मो. नं. .......... व्हाट्सएप नं. .......... पालक का मो. नंबर..........

कक्षा 12 वीं उत्तीर्ण वर्ग ..........में प्राप्त अंक ..........

कुल प्रतिशत ..........मार्गदर्शन हेतु दूरभाष नं. ..........

हस्ताक्षकर ..........पालक का हस्ताक्षर ..........

पासपोर्ट साइज फोटो



### पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124


## गिद्धों की टैगिंग कर जीपीएस लगाने की नहीं मिली स्वीकृति


हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

इंद्रावती टायगर रिजर्व बीजापुर में मिले 205 गिद्धों की टैगिंग कर टैग एवं जीपीएस लगाने की तैयारी है पर शासन की ओर से अब तक स्वीकृति नहीं मिल सकी। स्वीकृति मिलने पर गिद्धों के भोजन, पानी एवं वास स्थल की जानकारी हो सकेगी। हालांकि गिद्धों में जीपीएस लगने से गिद्धों के हर राज का पर्दा हो सकेगा।

- जीपीएस लगाने से गिद्धों के भोजन, पानी व वास स्थल की होगी जानकारी

बताया जा रहा है कि गिद्धों की भूमिका सामाजिक रूप से भी काफी ज्यादा है, गिद्ध मुर्दा खोर पक्षी है और बड़े जानवरों के शवों को कुछ ही समय में चट कर जाते हैं। इनकी यही खासियत इन्हें पर्यावरण स्वच्छता के लिहाज से भी खास बना देती है। गिद्धों के भोजन के लिए मद्देड़ से लगभग 12 किमी दूर सर्वाधिक नक्सल प्रभावित जंगल में गिद्धों के लिए रेस्टोरेंट बनाया है, जिससे बांस एवं बल्ली से बाउंड्री बनाया गया है। आसपास ▶▶| शेष पेज 10 पर



**खबर संक्षेप**

## खेल मंत्री मांडविया का प्रीतेश ने किया स्वागत

**धमतरी।** केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री, युवा मामले एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया के छत्तीसगढ़ आगमन पर प्रीतेश गांधी प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य भाजपा छत्तीसगढ़ ने अंगवस्त्र भेंटकर उनका आत्मीय स्वागत किया।

## प्रथम सेमेस्टर की प्रवेश तिथि में वृद्धि

**धमतरी।** शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय धमतरी में बीए, बीकॉम, एवं बीएससी गणित प्रथम सेमेस्टर की रिक्त सीटों की प्रवेश तिथि में वृद्धि की गई है। ऐसी छात्रा जिन्होंने पूर्व में ऑनलाईन आवेदन किया है एवं महाविद्यालय द्वारा जारी चयन सूची में नाम नहीं आया हो एवं किसी कारणवश ऑनलाइन आवेदन नहीं कर पाए हैं वे समस्त दस्तावेजों के साथ 31 जुलाई तक प्रवेश प्रभारी अधिकारी से संपर्क कर आफलाईन प्रवेश प्राप्त कर सकती हैं।

## आयकर में न्यूनतम 3 लाख की छूट से पेंशनरों में नाराजगी

**धमतरी।** यशवंत देवान प्रांतीय पेंशनर्स एसोसिएशन छग प्रदेश ने बताया कि पेंशनर, चपरासी, संविदा कर्मचारियों के लिए आयकर में 3 लाख तक छूट दी गई है। यह नाइंसाफी है। भारत सरकार ने वर्ष 2024 के बजट में आयकर की न्यूनतम छूट की सीमा रूपये 3 लाख निर्धारित किया है। इससे संविदा कर्मचारी एवं देश-प्रदेश के पेंशनरों में गहरी नाराजगी है। यह इनकम टैक्स स्लेब वर्ष 2014 की निर्धारित सीमा है जब चपरासी को 5 से 6 हजार संविदा कर्मचारी को 8 हजार वेतन तथा पेंशनरों को 8 हजार पेंशन मिलती थी, परंतु आज की स्थिति में चपरासी भी रूपये 25 हजार वेतन पा रहा है। संविदा कर्मचारी 25 हजार से ज्यादा पा रहे हैं। मात्र परिवारिक पेंशनर को छोड़कर सभी पेंशनर 25 हजार से ज्यादा पेंशन पा रहे है। सभी को इनकम टैक्स जमा करना पड़ेगा, जबकि दूसरी तरफ बड़े-बड़े व्यापारी जो लाखों कमाते हैं, बैंकों से करोड़ों रूपये कर्ज लेते हैं। खर्च की कटौती काटकर इनकम टैक्स पटाते हैं, परंतु कर्मचारी, पेंशनर को जितना वेतन व पेंशन मिलती है वह पूरी आमदनी मानकर गणना होती है।

## सशिमं मंदरौद के तीन छात्रों का प्रयास में चयन

**धमतरी।** सरस्वती शिशु मंदिर मंदरौद के तीन विद्यार्थियों प्रेरणा साहू पिता कुलेश्वर साहू, लीना साहू पिता दिलीप साहू, सूर्यवेदांत साहू पिता पवन साहू का प्रयास आवसीय विद्यालय में चयन हुआ है। फलेन्द्र कंवर पिता लेखपाल कंवर का एकलव्य आवासीय विद्यालय में चयन हुआ है। विवेक ज्योति शिक्षण समिति मंदरौद के अध्यक्ष टेकराम साहू, आनंद साहू थानूराम साहू, ललित सिन्हा अध्यक्ष जिला ग्राम भारत, थानसिंग साहू जिला समन्वयक ग्राम भारती ने हर्ष व्यक्त किया है। यह जानकारी टीकाराम साहू प्रधानाचार्य मंदरौद ने दी है।

## कलेक्टर ने किया परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण

**धमतरी।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा संचालित हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट द्वितीय मुख्य एवं अवसर परीक्षा 2024 का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर नम्रता गांधी ने शास. कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी स्थित परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया।

बारिश : केशकाल क्षेत्र में मरम्मत के नाम पर प्रतिदिन मुरुम- मिट्टी डालकर लीपापोती

# लगातार बारिश से सड़कों में भरा पानी आवागमन हो गया कठिन, परेशानी बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल

क्षेत्र में लगातार बारिश होने एनएच सहित कई सड़कों पर पानी भर गया है। गड्ढे होने के कारण आवागमन कठिन हो गया है। इससे लोगों की परेशानी बढ़ गई है। मरम्मत के नाम पर मुरुम- मिट्टी डालकर लीपापोती की जा रही है।

■ केशकाल घाट में बारिश के बाद काम शुरू होने की संभावना

केशकाल 12 मोड़ों की घाटी के कारण बस्तर की लाईफ लाइन कहे जाने वाली केशकाल शहर के भीतर एनएच 30 अब दम तोड़ने लगी है। बीते 3-4 दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण केशकाल शहर का नजारा गांव मे तब्दील हो गया है। सड़कों की हालत इतनी खराब हो गई है कि दुपहिया वाहन तो दूर अब चारपहिया वाहनों का चलना भी दूभर हो गया है। लोग चलते चलते एक दूसरे पर कीचड उछाल जाते हैं। कई बार तो वाहन सवारों के मध्य लडाई झगड़े की स्थिति बन जाती है। स्थानीय प्रशासन, नगर पंचायत और राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के तमाम प्रयासों के बावजूद सड़क की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। उसका बडा कारण सब जानते हुए बरसात के 6 माह तक सब अफसर, जनप्रतिनिधियों की गाड़ियां दौड़ी, लेकिन अब कोई शिकायत नहीं करता।





### बारिश के बाद होगा काम

इस सम्बंध में अनुविभागीय अधिकारी डिप्टी कलेक्टर अंकित चौहान ने से चर्चा हुई तो पता लगा कि राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग द्वारा केशकाल घाट के सड़क के नवीनीकरण एवं शहर की सड़क के मरम्मत कार्य हेतु टेंडर प्रक्रियाधीन है। बारिश का मौसम खत्म होने के बाद ही काम शुरू होगा। बस्तर संभाग के प्रवेशद्वार चारामा ,लखनपुरी,कांकेर फरसगाँव, कोडागांव, भानपुरी व जगदलपुर तक के भीतर चौड़ीकरण कर गौरव पथ गया। परन्तु केसकाल के निवासी अपने घरों के सामने कब्जे की एक इंच जगह छोड़ने को तैयार नहीं है। परिणाम न नाली सही बन पा रही है और लापरवाही का खामियाजा सब भुगत रहे है। वैकल्पिक व्यवस्था हेतु प्रतिदिन मिट्टी- मुरुम डालकर लीपा पोती करते हैं। विगत दिनों जब एक संगठन ने इन गड्ढों में पौधे लगाने की बात कही तो एसडीएम ने दो दिन का वक्त मांगा और मरम्मत भी करवायी। लेकिन लीपापोती की पोल खुल गयी।

### भूस्खलन के चलते चट्टान व पेड़ धंसक कर सड़क पर गिर रहे

सर्वविदित है कि क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश का जोरदार असर केशकाल घाटी में भी देखने को मिल रहा है। घाटी में आए दिन भूस्खलन के चलते चट्टान व पेड़ धंसक कर सड़क पर गिरने लगे हैं। बारिश के पानी के निकासी के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। ऐसे में हल्की बारिश होने पर भी पानी सड़कों पर गंदगी से भरा पानी जमा हो जाता है। जब मूसलाधार बारिश होती है तो यह पानी सडक से बहरकर लोगों के घरों मे घुसने लगता है।

### घरों में घुसा पानी

शनिवार को भारी बारिश होने से ऐसा ही हुआ, जहां सड़क से बहते हुए कई घरों में पानी घुस गया। हालांकि नगर पंचायत एवं एनएच के कर्मचारी मौके पर पहुंच कर वैकल्पिक रूप से इंतजाम करते नजर जरूर आए। इसका कारण है गर्मी में नालियों की कोई सफाई नहीं होती है। जब आज समस्या हुई तो एसडीएम व एनएच एसडीओ खड़े होकर व्यवस्था संभालते नजर आए। अभी भी वक्त है नये विधायक नगरवासियो की बैठक लेकर और अतिक्रमण कार्यों को समय देकर शहर में चौड़ीकरण करने के निर्देश दें। नगर के भीतर गौरव पथ का निर्माण हो तब शायद नगर की दशा में सुधार हो पाएगा।

# बस्तर डिविजन जेएनवी एलुमिनी एसोसिएशन ने बांटे छाता





हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

बस्तर संभाग के जवाहर नवोदय विद्यालय के भूतपूर्व विद्यार्थियों द्वारा विकास नगर में संचालित जवाहर नवोदय विद्यालय में अध्ययनरत सभी बच्चों और स्टाफ को अपने बड़े होने के साथ छोटे भाई बहनों और विद्यालय के प्रति कर्तव्य का परिचय देते हुए बारिश और धूप से और धूप से बचाव के लिए छतरी वितरण किया गया। नवोदय विद्यालय एलुमिनी द्वारा समय समय पर स्वास्थ्य शिविर कैरियर मार्गदर्शन कैंप का लगातार आयोजन किया जा रहा है, जिससे बच्चों को बेहतर शिक्षा सुविधा का लाभ मिल रहा है।

■ छोटे बच्चों से लेकर स्टाफ को किया गया वितरित

इस अवसर पर बड़जा से भूतपूर्व छात्र सचिन मिश्रा, डॉक्टर डीआर मांडवी, सुरेश देवागन ,शिवचरण साहू विद्यालय के प्राचार्य संजय सिंह, एके मिश्रा समीर देवांगन प्रीति चौहान आकांक्षा गर्ग करतार सिंह केमरो हेमंत गोडबोले सीए और बच्चे उपस्थित रहे है।

# अंजुमन इस्लामिया कमेटी के सदर चुने गए सलीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल

अंजुमन इस्लामिया कमेटी केशकाल के सदर चुनाव के लिए शुक्रवार को आम मीटिंग आयोजित की गई। मीटिंग के दौरान सदर के लिए नामांकन कराया गया। जिसमें सर्वसम्मति से पुनः सलीम मेमन को केशकाल अंजुमन मुस्लिम समाज का सदर चुना गया। ज्ञात हो कि प्रत्येक 3 साल में अंजुमन इस्लामिक कमेटी केशकाल का चुनाव होता है। ऐसे में पिछले दिनों सलीम मेमन ने अपना इस्तीफा सौंप



दिया था। जिसके लिए समाज में चुनाव के लिए सूचना दी गई और शुक्रवार को चुनाव करने का फैसला लिया गया। बैठक में आए मुस्लिम समाज के सभी लोगो ने सलीम मेमन के पूर्व कार्यकाल की सराहना करते हुए सर्वसम्मति के फिर से उन्हे सदर चुना है। सदर चुने जाने के बाद सलीम ने कहा कि हम समाज के विकास के लिए बेहतर काम करेंगे। आवाम ने सदर की जो एक बड़ी जिम्मेदारी मुझे सौंपी है इसके महत्व को समझते हुए हमेशा सभी को साथ लेकर चलने की कोशिश करूंगा।

# समझकर भी नासमझ बनने वाला वास्तव में नासमझ है : विशुद्ध सागर






■ जैन मुनियों का प्रवचन सुनने बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हो रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

श्री पार्श्वनाथ जिनालय में जैन मुनियों का प्रवचन सुनने बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हो रहे हैं। इस अवसर पर विशुद्ध सागर मसा ने कहा कि अपनी आत्मा का आनंद लेने के लिए स्वयं को पहचानना आवश्यक है। स्वयं को जानकर स्वयं में ठहर जाना आत्मा के आनंद के लिए आवश्यक है। समझकर नासमझ बनने वाला वास्तव में नासमझ ही होता है जबकि समझकर समझदारी पूर्वक कार्य करने वाला समझदार होता है। किसी के विचारों को समझने के लिए हमें दिमाग का नहीं दिल का प्रयोग करना चाहिए।

जैन दर्शन के अनुसार तीन प्रकार की तिथि अष्टमी, चतुर्दशी, पूर्णिमा और अमावस्या - ये तिथि चारित्र तिथि कहलाती है। पंचमी और एकादशी - ये तिथि ज्ञान की तिथि कहलाती है। शेष तिथि - ये तिथि दर्शन की तिथि कहलाती है।

### आज गुरु से ज्यादा गूगल पर भरोसा

उन्होंने आगे कहा कि हमारा जिनशासन बहुरत्न वसुंधरा है। हमारी एक सच्ची सामयिक हमें आत्म से परमात्मा बनने की क्षमता प्रदान करती है। लेकिन हमने इसे समय और क्रिया के बंधन में बांध दिया है। सामयिक 18 पाप स्थानकों से बचने का साधन है। सामयिक करते समय हमें वह दिखाई देते हैं जिनके कारण हम दुखी होते हैं और उन्हें हम सुख होने का कारण मानते हैं। जबकि सुखी होने के लिए आत्मा के अंदर शांति और संतोष का होना आवश्यक है। हमें प्रत्येक कार्य आत्मा को मुख्य मानकर करना चाहिए तभी आत्मा का विकास संभव है। आज हमें गुरु से ज्यादा गूगल पर भरोसा है। जबकि गुरु हमें आत्म विकास का जो ज्ञान देते हैं वह गूगल में भी नहीं मिल सकता।

# किसानों को फसल बीमा कराने के लिए किया गया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ⏭ धनौरा

शिविर सह ग्रामसभा का आयोजन कर किसानों को पुनर्गठित पीएम फसल बीमा खरीफ वर्ष 2024 के लिए कोंडागांव जिला में अधिसूचित फ़सल जैसे धान मक्का उरद के लिए आरिनी किसानों को फसल बीमा कराने के लिए नजदीकी ग्राहक सेवा केन्द्र बैंक लैंप्स या कृषि विभाग से संपर्क कर फसल बीमा कराने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी केशकल हेमलाल पद्माकर के निर्देशानुसार कार्यालय सह मुख्यालय एडीओ कृषि विकास अधिकारी धनौरा में कृषि विभाग उद्यानिकी विभाग एवं पीएम फसल बीमा केशकाल के कर्मचारियों द्वारा संयुक्त रूप से विशेष शिविर सह ग्रामसभा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती माहेश्वरी कोर्राम सद्स्य जिला पंचायत कोंडागांव विशिष्ठ अतिथि विरेन्द्र महेश बघेल एवं श्रीमती रमिला उसेंडी सरपंच ग्राम पंचायत धनौरा को बनाया गया था। शिविर के माध्यम से क्षेत्र के किसानों को पुनर्गठित पीएम फसल बीमा खरीफ वर्ष 2024 के लिए कोंडागांव जिला में अधिसूचित फ़सल जैसे धान मक्का उरद के लिए आरिनी किसानों को फसल बीमा कराने हेतु नजदीकी ग्राहक सेवा केन्द्र बैंक लैंप्स या कृषि विभाग से संपर्क कर फसल बीमा कराने हेतु प्रोत्साहित किया गया। जिसमें धान फ़सल के लिए 2% पर पर्ती हेक्टेयर 880 प्रीमियम पर 44000/- फसल बीमा ले सकते हैं। इसी प्रकार अन्य फसलों के बीमा की विस्तृत जानकारी दिया गया। तथा कृषि विभाग द्वारा प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत पात्र किसानों को कृषि अदान



सहायता राशि 6000 रुपए परती वर्ष देय के विषय में विस्तृत जानकारी दिया गया। कृषि विभाग द्वारा ईकेवायसी लैंड सीडिंग आधार सीडिंग हेतु आए किसानों का मौके पर ही निराकरण किया गया। साथ ही किसान क्रेडिट कार्ड के लिए सभी पात्र हितग्राही को संबंधित लैंप्स में जाकर निर्धारित आवेदन के संग जुड़ने को प्रोत्साहित किया गया और प्राप्त आवेदन को संबंधित लैंप्स भेजा गया। खरीफ रागी प्रदर्शन हेतु जनप्रतिनिधियों ने रागी बीज का निशुल्क बीज वितरण किया गया।

**ये रहे उपस्थित-** कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि सरपंच प्रतिनिधि रामेश्वर उसेंडी वरिष्ठ कृषक, कृषि विभाग के अधिकारी सूर्यकांत नागेश ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकार बड़ेखौली धनेश मंडावी ग्रामीण कृषि विस्तार आशीष नेताम ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी कोनगुड़ विकाश खंड फरसगांव अधिकारी धनौरा मुरली प्रधान उद्यानिकी कृषक मित्र सुरेश कश्यप अनिल नेताम विहान कृषि सखी एवं भारतीय कृषि बीमा सहायक समन्वयक चद्रशेखर हेमचंद कश्यप सौरभ नाग सूरज कुमार यादव उपस्थित रहे।

# मिशन लाइफ इको क्लब दिवस का डीईओ ने किया निरीक्षण

**कोण्डागांव।** शिक्षा सप्ताह के छठवें दिन 27 जुलाई को मिशन लाइफ इको क्लब दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर पूरे जिले के शासकीय विद्यालयों में इससे संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के संबंध में बच्चों में आगे बढ़कर कुछ करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इसी क्रम में जिला शिक्षा अधिकारी जिला कोंडागांव ने भंडारसिवनी और जुगानी के स्कूलों का निरीक्षण किया। विद्यार्थियों व शिक्षकों के



साथ महत्वपूर्ण बातचीत की साथ ही एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत पौधारोपण भी किया गया। बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए उनके कक्ष में अध्यापन भी किया गया।

## पेज 9 के शेष

### केंद्रीय बजट...

प्रकाश रावल व अन्य सम्मलित थे।

**किरन्दुल बाढ़ से खासा नुकसान-** किरंदुल बाढ़ आपदा पर मंत्री कश्यप ने कहा कि बाढ़ से वहां खासा नुकसान हुआ है। राज्य सरकार के निर्देश पर जिला प्रशासन और एनएमडीसी प्रबंधन बाढ़ पीड़ितों को राहत प्रदान कर रहा है। राहत और बचाव का कार्य चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 100 से ज्यादा बाढ़ पीड़ितों को 20-20 हजार रुपए की अंतरिम सहायता प्रदान कर दी गई है।

### पंचर दुकान में...

स्वीकार किया। रेड कार्यवाही में अंक व पैसा लिखा हुआ सट्टा पट्टी व 5 लाख 50 हजार 320 रूपए नकद बरामद किया गया। एएसपी ने बताया कि आरोपी हरीश भूरा दोनो पैरो से दिव्यांग है। सट्टे के कारोबार में उसके दो अन्य साथी मेटगुड़ा निवासी उदय बघेल और समारू मांझी मुख्य आरोपी को लाना ले जाना व दिनचर्या के संपूर्ण कार्य इनके द्वारा ही कराई जाती है एवं सट्टा पट्टी तीनो मिलकर खिलाते हैं। आरोपियों के खिलाफ धारा छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 6 ख के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई।

### पेड़ गिरने से...

हटाया उसके बाद भी लाइन बहाल नहीं हुई। रविवार को बारिश के दौरान ही विद्युत लाइन की सर्चिंग की तब बिजली बहाल हुई। इस तरह से दो दिन चार गांव के ग्रामीण अंधेरे में रहे, बहाल होने पर राहत की सांस ली। हालांकि विद्युत कंपनी जगदलपुर ग्रामीण संभाग के कार्यपालन अभियंता सुदीप खेस ने बताया कि शिकायत मिलते ही एई, जेई कर्मचारियों के साथ जुटे रहे।

### शहीदी सप्ताह से...

सतीश की याद में बनाया था। स्मारक के चारों ओर आयोजन के लिए तैयारी की गई थी। जिसे डीआरजी बस्तर फाईटर्स के जवानों ने ध्वस्त किया और नक्सलियों के शहीद सप्ताह को नाकाम करने में सफल रहे।

### गिद्धों की टैगिंग...

के गांवों के ग्रामीण मवेशियों को मरने के बाद इस रेस्टोरेंट में पहुंचा देते हैं, जिससे गिद्ध मरे हुए मवेशियों को खाते हैं। पक्षी विशेषज्ञ सूरज नायर ने गिद्धों के संरक्षण के लिए रिजर्व से सटे गांव मेनूर, बामनपुर, मददेड़ क्षेत्र में 6 गिद्ध मित्र बनाए, जो गिद्ध का सर्वेक्षण, रहवास के स्थान, इनके आबादी का अवलोकन, इनके वंशनाश के कारण स्थानीय ग्रामीणों में जागरूकता का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं।

**स्वीकृति का इंतजार-** इंद्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर के उप निदेशक संदीप बलगा ने बताया कि गिद्धों की टैगिंग करने के लिए विशेषज्ञ बुलाए जाएंगे। शासन की स्वीकृति का इंतजार है, स्वीकृति होते ही गिद्धों में जीपीएस लगाया जाएगा।

मांगों के संदर्भ में प्रांत, संभाग, जिला, ब्लॉक सहित स्थानीय सांसद एवं विधायक को सौंपेंगे ज्ञापन

# पेंशन के लिए शिक्षकों की पूर्व सेवा गणना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन की जिला स्तरीय बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष ऋषिदेव सिंह, प्रांतीय पदाधिकारी चन्द्रकान्त ठाकुर, नीलम श्रीवास्तव ने करते हुए कहा कि हमारे पूर्व के नियुक्त साथी बिना पेंशन के सेवानिवृत्त हो रहे है, उन्हें न तो पुरानी पेंशन मिल रही है। और न ही नया पेंशन मिल रही है। हमें एकजुट होकर सभी शिक्षकों के पुरानी पेंशन के लिए संघर्ष के लिए तैयार रहना है। पूर्व की सेवा का गणना करते हुए प्रथम नियुक्ति तिथि को पेंशन हेतु मान्य किये जाने सतत सक्रिय रहने का प्रांतीय बैठक में निर्णय लिया गया। पूर्व सेवा की गणना करते हुए कुल 20 वर्ष की सेवा में पूर्ण पेंशन देने एवं 12: से अधिक राशि की स्वैछिक कटौती किये जाने, प्राचार्य, व्याख्याता, प्रधान पाठक मिडिल, प्रायमरी, शिक्षक के रिक्त सभी पदों पर




पदोन्नत्विक लिए एसोसिएशन मुखर होकर कार्य करेंगे। पूर्व सेवा गणना को मुख्य रखते हुए क्रमोन्नति वेतनमान के लाभ, सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति को दूर करने के लिए प्रयास किया जाएगा। देय तिथि से लंबित महंगाई भत्ता, कैशलेश इलाज, युक्तियुक्तकरण, स्थानांतरण, ऑनलाइन अवकाश, एक पाली के शाला का समय 10.30 से 4.30 तक करने, पदोन्नत शिक्षकों का वेतन सहित अन्य विषय पर चर्चा कर रणनीति बनाया गया।

जिला स्तरीय बैठक में कई विषय पर रणनीति बनाने व मांग करने का निर्णय लिया गया । प्रान्त, जिला, ब्लॉक व संकुल में सक्रिय पदाधिकारियों की नियुक्ति किया जाएगा। उसके पहले सदस्य बनाएंगे। मांगों का ज्ञापन प्रान्त में पुनः 20 से 22 अगस्त के बीच, संभाग में ज्ञापन 29 से 30 अगस्त को, जिला में ज्ञापन 9 से 10 सितम्बर को, ब्लॉक में ज्ञापन 19 से 20 सितम्बर को एवं सांसद व विधायक को मांगो पर चर्चा कर 28 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक ज्ञापन दिया जाएगा। एसोसिएशन में निरन्तर सक्रियता बनाये रखने हेतु संकुल, ब्लॉक, जिला, संभाग, प्रान्त स्तर की इकाई क्रमशः नजर रखेंगे व आवश्यक निर्देश देंगे। शिक्षकों की मांग का व्यापक प्रचार – प्रसार किया जाएगा। जिला स्तरीय सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया गया।

**ये रहे उपस्थित** – बैठक में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिलाध्यक्ष ऋषिदेव सिंह, प्रांतीय पदाधिकारी चंद्रकांत ठाकुर, नीलम श्रीवास्तव जिला सचिव संजय कुमार राठौर, जिला संयोजक यादवेन्द्र सिंह यादव, जगमोहन वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष मन्नाराम नेताम कोण्डागांव, सुकुराम नेताम फरसगांव, राम सिंह मरापी केशकाल, जिला पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार ठाकुर, अशोक साहू, इरसाद अंसारी, गुरुदेव छाबड़ा, अवनेश दादोरिया, बिसाहू वैद्य, अनील साहू, मालती ध्रुव, दंतेश्वरी नायडू, लीना तिवारी, मनोज फिलिप, अनुप विश्वास, अमलेश बारले, लखीराम बघेल, अवध किशोर मिश्रा, चन्द्रेश चतुर्वेदी, मोहन बोंगा, मायाराम उसरे, लोकेश कुंवर, एस के ठाकुर आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### जन समस्या निवारण शिविर कल से

**बस्तर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय तथा नगरी प्रशासन मंत्री अरुण साव के निर्देशानुसार नगर पंचायत बस्तर द्वारा आम नागरिकों के समस्याओं को त्वरित निराकरण तथा शासन की हितग्राही मुलक योजनाओं का लाभ दिलाने नगर के विभिन्न वार्डों में शिविर लगाए जाएंगे। सीएमओ तरुण पाल लहरे ने जानकारी में बताया कि शिविर के माध्यम से नागरिकगण स्थानीय समस्याएं जैसे नल कनेक्शन,राशन कार्ड, राष्ट्रीय परिवार सहायता,वृद्धावस्था पेंशन, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र,नामांतरण, स्वरोजगार के प्रकरण तथा कई विधिध कार्य का निराकरण करवा सकते हैं। शिविर 30 जुलाई से 6 अगस्त तक पांच चरणों में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 30 जुलाई को पुराना नगर पंचायत वार्ड क्रमांक 1, 2, 3 एवं 4 के आवेदन लिया जाएगा। 31 जुलाई को नवीन नगर पंचायत कार्यालय में 5, 6 एवं 7 वार्डवासियो के आवेदन लेंगे। 1 अगस्त को सांस्कृतिक भवन हाटगुड़ा में वार्ड क्रमांक 8, 9, 10 एवं 11 के आवेदन लेंगे। 5 अगस्त को मेला स्थल मंदिर प्रांगण में वार्ड क्रमांक 12 एवं 13 के आवेदन लिया जाएगा। 6 अगस्त को सामुदायिक भवन वार्ड क्रमांक 14 एवं 15 के आवेदन लिया जाएगा। शिविर में आम जनता की समस्याओं को सुनी जाएगी।व यथा संभव मौके पर निराकरण किया जाएगा। उक्त शिविर में विभिन्न विभाग के अधिकारी कर्मचारी शामिल होंगे।

### सहायता राशि स्वीकृत

**बीजापुर।** कलेक्टर अनुराग पाण्डेय द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से पीड़ित परिवार को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके अन्तर्गत आग में जलने से मृत्यु के एक प्रकरण में मृतिका मंजू मल्लिक के निकटतम वारिस उनकी पुत्री आनंदमई मल्लिक को 4 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है। स्वीकृत राशि का भुगतान संबंधित हितग्राहियों के बैंक खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किए जाने के निर्देश संबंधित तहसीलदार को दिए गए हैं।

प्रधानमंत्री के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प

# वनमंत्री ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी मन की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम अंबेडकर वार्ड बूथ क्रमांक 140/141 में रविवार को



- अंबेडकर की मूर्ति में किया माल्यार्पण, एक पेड़ मां के नाम पर किया पौधरोपण

वनमंत्री केदार कश्यप ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी। कार्यक्रम जिले एवं शहर के सभी मतदान केंद्रों में सुनी गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का आज 112 वां एपिसोड हुआ। कार्यक्रम के पूर्व अंबेडकर की मूर्ति में माल्यार्पण कर एवं एक पेड़ मां के नाम पर पौधरोपण किया। वनमंत्री ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा एक पेड़ मां के नाम अभियान में तेजी आई है। प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में कहा कि देश में आज गर्व के साथ खादी पहनी जा रही है। अगस्त में खादी का कपड़ा खरीदने का अच्छा मौका है। भारत में बाघ हमारी संस्कृति का हिस्सा रहा है। 2 लाख से ज्यादा मां के नाम पेड़ लगाए गए। भारत को ड्रग्स फ्री बनाना है। पूरी दुनिया में पेरिस ओलंपिक छाया हुआ है। उन्होंने पेरिस ओलंपिक की बात करते हुए भारत के खिलाड़ियों को समर्थन देने की बात की। चीयर फॉर भारत का स्लोगन भी दिया। पीएम मोदी ने प्रोजेक्ट परी का भी जिक्र किया। जिसका मतलब पब्लिक आर्ट ऑफ इंडिया है। उन्होंने दिल्ली के भारत मंडपम का जिक्र करते हुए कहा कि यहां पर देश भर के पब्लिक आर्ट देखे जा सकते हैं। केदार कश्यप ने कहा प्रधानमंत्री मोदी के सन्देश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लेना है। संचालन रंजीत पांडे एवं आभार आशुतोष पाल ने माना। इस दौरान वेद प्रकाश पांडे, संग्राम सिंह राणा, केतन महानंदी, वसीम खान, काशिपति दीवान, लोकेश राव, शैलेश श्रीवास्तव, सूरज केसरवानी, काशिपति नाथ, सुखचंद बघेल, अमित रामटेके, रहीम खान, नरेश साहू, सूर्य प्रकाश, आत्माराम जोशी, राजेश साव, अमित मेहरा, सुशील प्रसाद, कृष्णा सेठिया, पुष्पा तिवारी, सुजाता दहरिया, किरण दीवान, कमल सेठिया, नारायणी, गोमती, भागवती, धनमती प्रजापति, जामवती, रमा प्रजापति, सरिता निकुंज, संजय उपाध्याय सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# शिविर में मिली 30 शिकायत 2 का मौके पर निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गीदम



नगरीय प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार नगर सुराज जन समस्या निवारण के तहत सप्ताह भर चलने वाले इस आयोजन में नगर पंचायत गीदम में वार्ड वार शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें नल कनेक्शन, राशन कार्ड, राष्ट्रीय परिवार सहायता, वृद्धा पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, भवन निर्माण अनुज्ञप्तियां, अनापत्ति प्रमाण पत्र, नामांतरण, स्वरोजगार के प्रकरण तथा कई विविध छोटे-छोटे कार्य नल लीकेज, नलों में पानी का न आना, नालियां गलियों की सफाई, सार्वजनिक नलों के प्लेटफार्म से पानी का बहना, कचरे की सफाई व परिवहन, टूटी फूटी नालियों की मरम्मत, सड़कों के गड्ढे पाटना, स्ट्रीट लाइट के मरकरी बल्ब, ट्यूबलाइट का बंद रहना आदि समस्याओं का निराकरण मौके पर किए जाने हेतु जन समस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ वार्ड क्र.1 के आंगनबाड़ी केन्द्र में किया गया। 2 वार्डों के लिए आयोजित शिविर में नगर पंचायत, श्रम विभाग, खाद्य विभाग, राजस्व विभाग, महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने वार्डवासियों से आवेदन पत्र प्राप्त किया है।

शिविर में पहुंचे नित्यानंद उपाध्याय अधीक्षण अभियंता क्षेत्रीय कार्यालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग जगदलपुर ने भी शिविर में उपस्थित होकर लोगों की समस्या के निवारण किए जाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। नगर पंचायत गीदम के उप अभियंता मुकेश कोर्राम ने बताया कि शिविर में कुल 30 मांग शिकायत के आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 2 आवेदन का तत्काल निराकरण कर दिया गया है। शेष आवेदन पर कार्यवाही की जाएगी।

शिविर में वार्ड के पार्षद किलावन सागर, श्रीकांत राव, प्रतिनिधि नरेन्द्र सुराना एवं शिविर में प्रमोद सोनवानी, खाद्य निरीक्षक, स्तेसिंह कुंजाम, अनिल कागदेलवार, रामलखन पटेल, शिवशंकर श्रीवास्तव व विभिन्न विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने नगर के लोगो से अपील की है कि नगर संबंधित जो भी समस्या हो उसे अवगत कराएं जिससे कि समस्या का निराकरण किया जा सके।

# डेंगू, मलेरिया से बचाव को लेकर विद्यार्थियों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बस्तर



बारिश के मौसम में पानी का जमाव लाजमी है व देखा जाता है कि इन दिनों लगातार बारिश के चलते मच्छरों की संख्या में काफी बढ़ोतरी होती है जिससे डेंगू मलेरिया जैसे जानलेवा बीमारी पैदा होती है। इसी के चलते शिक्षा विभाग इसे गंभीरता से लेते हुए विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए शनिवार को बैगलेस डे पर सुरक्षित शनिवार के तहत डेंगू मलेरिया से बचाव एवं रोकथाम की गतिविधि बस्तर विकास खंड के प्राथमिक शाला बड़ेपारा संकुल फरसागुड़ा में शिक्षक उमाशंकर साहू के द्वारा डेंगू मलेरिया से बचाव, लक्षण व रोकथाम के बारे में बच्चों के साथ विस्तार से चर्चा किया गया।

शिक्षक साहू के द्वारा बताया कि जब हमें अचानक से बुखार आने लगे जोड़ो पर दर्द हो आंखों में जलन हो शरीर पर लाल दाने दिखाई दे भूख न लगना थकान महसूस हो तो यह डेंगू के लक्षण है और अगर हमें तेज बुखार के साथ सिरदर्द,उल्टी होना शरीर सुस्त पड़ जाए पूरे शरीर मे कपकपी हो तो ये मलेरिया के लक्षण है। आम तौर पर दोनों के लक्षण एक जैसे होते है। डेंगू एडिस मच्छर के व मलेरिया मादा एनाफिलीज के काटने से होता है। डेंगू मलेरिया होने पर इबुप्रोफेन या एस्प्रिन नामक दवाई कभी न दे इसके लेने से रक्त स्राव हो सकता है। डेंगू मलेरिया के लक्षण दिखने पर तुरंत डॉक्टर की सलाह से खून जांच करवा कर उपचार करें। उसके अलावा इससे बचने के लिए आसपास सफाई रखे गड्ढो में पानी जमने न दे छत पर बाल्टी ड्रम आदि को खुले न छोड़े रात को सोते समय मच्छर दानी का उपयोग करें। आज के इस कार्यक्रम में संस्था प्रभारी चंद्रमणी रंगारी, संजीव शर्मा संकुल समन्वयक, उमाशंकर साहू, गीता गुणा, दानेश्वर यादव, एसएमसी सदस्य व पालक गण-गीता ठाकुर, रमशीला दीवान, संपति, प्रफुल्ल देवांगन, देवकी बघेल, मदन बघेल व अन्य उपस्थित रहे।

# एनएमडीसी के बाढ़ से अति प्रभावितों को हरिशंकर ने दिया मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ किरंदुल

एनएमडीसी के 11बी के पानी और लौह चूर्ण के मलवे के बाढ़ से तबाह हुए अनेक लोगो के घर, गाड़ी, कार, घर का सामान पानी और मलवे में बर्बाद हो गया है इन सब की मदद के

- संकट की घड़ी में लोगों की मदद कर दिया मानवता का परिचय



लिए कांटेक्टर हरिशंकर मुखर्जी ने मानवता दिखाते हुए अति प्रभावित लोगों को 10 हजार नगद राशि प्रदान किया। अति प्रभावित 45 परिवारों को 10 हजार नगद उनके रोजमर्रा के सामान खरीदने के लिए काम आयेगें। हरिशंकर ने कहा है की बाढ़ में अनेक लोगों का घर बर्बाद हो गया है उनको मेरी तरफ से छोटा सा अति प्रभावित 45 परिवार को 10 हजार का आर्थिक मदद किया गया जिससे वो अपनी जरूरत के सामान खरीद सकें। रमेश गोमोस्ता, पोडीय मरकाम,विनोद प्रताप सिंह, दिनेश गोमोस्त,सुशांत राय, कुसुम देवी, धीरेंद साहा, जयंत अधिकारी, अनूप साहा, अजीत मंडल, खिरमोहन बर्मन, पालन राय, रमेन देवनाथ, परेश राय, असित राय, राम यादव, सुभाष, प्रियवाला वर्मन, सपन कुमार साहा, अभिमानुओ राय,केश्टो मंडल, डिस्को देवू, संगीता शर्मा, बदल घोष, सुकुमार सरदार, रेखा, रिंटू गांगुली, विपिन मिश्रा, राजेश सोनी, रिम्मी गोल्डर, उगसेन नायक, किशोर मंडल, देवू मिस्त्री, इति मंडल, राधेश्याम कुल 45 परिवार को आर्थिक मदद किया गया। इस मौके पर बिपुल रॉय, बिप्लव मल्लिक, अतुल सिंग, जोविंस पापाचंद, संजय सोनी, आजाद सक्सेना, वरुण सोनी, किरण पाल मौजूद थे।

# पूर्व सेवा से पुरानी पेंशन देने एवं शिक्षक एलबी संवर्ग की समस्या को लेकर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दरभा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ब्लॉक इकाई दरभा की आवश्यक बैठक विकास खण्ड अध्यक्ष बुधराम कश्यप की अध्यक्षता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेगानार में शनिवार को रखी गई। जिसमें अध्यक्ष बुधराम कश्यप ने सर्व प्रथम शिक्षक एलबी संवर्ग की समस्या प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्व सेवा की गणना कर पुरानी पेंशन देने, क्रमोन्नति वेतनमान प्रदान करने, पूर्व नियुक्त शिक्षक बिना पेंशन के सेवा निवृत्त होने संविलियन 2018 से कुल सेवा हेतु 10 वर्ष पूर्ण नहीं होने से वे पुरानी पेंशन के लिए पात्र नहीं हो



रहे हैं। यह अत्यंत दुखद है कि रिटायर होने वाले शिक्षक एलबी संवर्ग को न तो पुरानी पेंशन का लाभ मिल रहा है और न ही नए पेंशन का फायदा है। इसलिए पूर्व सेवा (शिक्षा कर्मी पद पर प्रथम नियुक्ति) के आधार पर पुरानी पेंशन हेतु कुल सेवा अवधि की गणना किए जाने,पेंशन निर्धारण हेतु अर्हकारी सेवा केंद्र सरकार, उत्तरप्रदेश व उत्तराखंड सरकार की तरह 33 वर्ष के स्थान पर पूर्व सेवा अवधि से 20 वर्ष किए जाने, मध्यप्रदेश की तरह पूर्व सेवा अवधि (प्रथम नियुक्ति तिथि) के आधार पर क्रमोन्नत वेतनमान प्रदान किए जाने, प्राचार्य, व्याख्याता, प्रधान पाठक मिडिल, प्रायमरी, शिक्षक के रिक्त सभी पदों पर पदोन्नति शीघ्र किए जाने, सीजीपीएफ में 12 प्रतिशत से अधिक राशि की स्वैच्छिक कटौती किये जाने, सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति को दूर करने, देय तिथि से लंबित महंगाई भत्ता देने, कैशलेश ईलाज, युक्ति युक्तकरण, स्थानांतरण, ऑनलाइन अवकाश, एक पाली में संचालित शाला का समय 10:30 से 4:30 बजे करने, पदोन्नत शिक्षकों को वेतन देने आदि सभी विषयों को उपस्थित समस्त शिक्षकों के बीच रखा गया तथा विस्तार से चर्चा और विचार विमर्श किया गया।

### कलेक्टर ने मृत्यु उपरांत वारिसान को सौंपा नामांतरण पत्र

**जगदलपुर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार व्यक्तिगत वन अधिकारों के अधिकार अभिलेखीकरण तथा वन अधिकार पत्रधारकों की मृत्यु उपरान्त उनके विधिक वारिसानों को अधिकार हस्तांतरण संबंधित कार्यवाही के परिपालन में कलेक्टर विजय दयाराम के. मार्गदर्शन में सभी तहसील में व्यक्तिगत वन अधिकार पत्रधारकों की मृत्यु उपरान्त उनके विधिक वारिसानों को अधिकार हस्तांतरण संबंधित कार्यवाही किया जा रहा है। कलेक्टर विजय ने बुधवार को जगदलपुर अनुभाग के वन अधिकार पत्रधारक सरगीपाल निवासी जगबंधु की मृत्यु उपरांत उनके विधिक वारिसान पत्नी डोमानी जगबंधु को वनाधिकार पत्र वितरण किया।

# टिकरालोहंगा से चिड़ाईपदर सड़क बदहाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोंड

बस्तर ब्लाक के अंतर्गत ग्राम पंचायत टिकरालोहंगा से आश्रित ग्राम चिड़ाईपदर तक जाने वाली सड़क की स्थिति इस बरसात के मौसम में बदहाल हो गई है। बदहाल कीचड़ से से सने सड़क से रोजाना ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चों को बड़ा परेशान होना पड़ रहा है। पंचायत और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कोई पहल नहीं करने पड़ स्कूली बच्चों द्वारा वाहनों में पत्थर भरकर लाकर श्रमदान कर सड़क को बाइक चलने लायक बनाया जा रहा है। गौरतलब है कि चिड़ाईपदर से टिकरालोहंगा पहुंच मार्ग की यह दशा पास से ही खाद गोदाम से होकर गुजरने वाली ओवरलोड वाहनों की वजह से है। शासन प्रशासन ध्यान नहीं जा रहा हैं,ग्रामीणों की परेशानी दूर करने सड़क को चलने लायक बनाने की कोई पहल नहीं हो रही है।

**तहसीलदार गीदम के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202405160500012**

विषयः-ब-121 सनः-2023-2024

**मामले की श्रेणीः- राजस्व**

कारली प.ह.न. 00009 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार अशोक कश्यप
पिता/पति / विभाग- मंगल कश्यप
पता- कारली
अनावेदक पक्षकार -

**// ईश्तहार //**

एदत द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अशोक कश्यप पिता/पति / विभाग- मंगल कश्यप पता कारली जाति-मुरिया ग्राम- कारली के द्वारा इस न्यायालय में आवेदन सहित रजिस्ट्रार मृत्यु ग्राम पंचायत कारली द्वारा जारी अप्राप्यता प्रमाण पत्र, शपथ पत्र सहित आवेदन प्रस्तुत किये है कि आवेदक अपने (परदादा) स्व. मुण्डारा कश्यप की मृत्यु दिनांक 23/05/1935 को ग्राम कारली में हुआ है। आवेदक अपने अपने (परदादा) स्व. मुण्डारा कश्यप निवासी कारली के नाम पर मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाना चाहती है।

उपरोक्त के सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार का दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो ईश्तहार जारी दिनांक से 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/आपत्ति इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है । बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09/05/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

(ASHA MOURYA)
तहसीलदार
गीदम

# सीआरपीएफ के स्थापना दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गीदम

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 231वीं बटालियन द्वारा जावंगा मुख्यालय प्रांगण में पूरे परिवार द्वारा उमंग व हर्षोल्लास से 86वां स्थापना दिवस मनाया गया। वाहिनी स्थित शहीद स्मारक में सुनील भवर कमाण्डेंट 231 बटालियन, गोपाल कुमार गुप्ता द्वितीय कमान अधिकारी, मुकेश कुमार चौधरी उप कमाण्डेंट, अधीनस्थ अधिकारियों व सभी जवानों के द्वारा



वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके उपरांत कमाण्डेंट सुनील भवर ने क्वार्टर गार्ड पर ध्वजारोहण कर सलामी ली। उन्होंने सभी जवानों व अधिकारियों को संबोधित करते हुये कहा कि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की स्थापना 27 जुलाई 1939 को नीमच मध्य प्रदेश में क्राउन रिप्रजेन्टेटिव पुलिस के रूप में हुई थी। देश की आजादी इस बल के लिए भी एक बड़ा परिवर्तन ले कर आई और एक अधिनियम के तहत 1949 में इसका नाम सेन्ट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स कर दिया गया। यह एक ऐसा बल है जिसमें महिला बटालियन, द्रुत कार्य बल एवं कोबरा बटालियन के साथ-साथ एसडीजी तथा व्हीआईपी सुरक्षा बटालियन भी समाहित है। कमाण्डेंट सुनील भवर ने बताया कि इस बल को जवानों ने अपने खून-पसीने से सींचा है और अभूतपूर्व साहस एवं बलिदान का परिचय दिया है। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के साहस और व्यावसायिकता की व्यापक रूप से प्रशंसा करते हुए बताया कि पिछले 86 वर्षों से यह बल देश सेवा के प्रति पूर्णतः समर्पित रहा है। इस अवसर पर सभी अधिकारियों व जवानों ने कैम्प परिसर में पौधा रोपण भी किया।

## विकसित भारत के लक्ष्यों के अनुरूप है बजट



**बीजापुर।** केंद्र सरकार के बजट को लेकर भाजपा बस्तर प्रभारी एवं पूर्व बीजापुर भाजपा जिलाध्यक्ष जी वेंकट ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बजट विकसित भारत के लक्ष्यों को पुरा करने के साथ महिलाओं, युवाओं और किसानों को समृद्ध करने वाला है । उन्होंने मोदी सरकार 3.0 के बजट की तारीफ करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी सोच, सबका साथ सबका विकास और आत्मनिर्भर भारत की मूल भावना को परिलक्षित करने वाला है। यह बजट समाज के हर वर्ग को शक्ति देने वाला बजट है जो देश के गांव गरीब महिलाओं और युवाओं को समृद्धि की राह पर ले जाने वाला है। पीएम मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार भारत को निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रखते हुए विकसित भारत के संकल्प पुरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। जिसकी संरचना बजट में देखने को मिलती है ।

# सर्व आदिवासी समाज ब्लाक इकाई का शपथ ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गीदम

सर्व आदिवासी समाज ब्लाक इकाई के द्वारा नवनिर्मित सर्व आदिवासी भवन गीदम में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमे समाज के द्वारा सामाजिक संगठन को मजबूत करने, रुढ़ी प्रथा, रीति रिवाज, इत्यादि को बचाने के उद्देश्य को लेकर ब्लाक में सात जोन बनाए गए। ब्लाक इकाई का गठन व सातों जोनों में गठन प्रक्रिया चला। उसके पश्चात विधिवत समाज प्रमुखों के समक्ष नव मनोनीत समाज



पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ है। शपथ ग्रहण समारोह के पश्चात 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस के संबंध में विचार विमर्श कर आगे की रणनीति बनाई गई है। शपथ ग्रहण समारोह में समाज प्रमुख खुड़ीराम नाग, जे.आर.नुरेटी, श्रीमति संगीता नेताम ,श्रीमति शर्मिला कड़ती, सामाजिक सलाहकार सुदरु कड़ती, जितेन्द्र वेट्टी, सुदरू नेताम, संरक्षक बैसु मंडावी, पिसे वट्टी, मड्डा राम वेक, संगठन प्रमुख बालसिंह कोरसा, बल्ली राम नेताम, जशवीर नेगी, मुख्य प्रवक्ता भुनेशवर भारद्वाज, सुश्री अन्ती वेक, सचिव-रामलाल नेताम, मीडिया प्रभारी जयदेव मड़काम सभी जोन से पहुंचे हुए गणमान्य नागरिक व समस्त समाज प्रमुख उपस्थित रहे। एक तीर एक कमान सर्व आदिवासी एक समान, जय जोहार, नारों के साथ शपथ ग्रहण समारोह का समापन हुआ है।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### ओडिशा का फुटू 100 रुपए जूड़ी में बिका



**जगदलपुर।** साप्ताहिक बाजार में ओडिशा का फुटू 100 रुपए जूड़ी में बिका, जिसे खरीदने लोगों की भीड़ लगी रही। वहीं शहर में टमाटर की आवक बढ़ी, जिससे टमाटर 25-30 रूपए किलो में बिका और आलू, प्याज की दर स्थिर हो गई है। बाजार में फूलगोभी 100, पत्तागोभी 50, शिमला मिर्च 60, हरी मिर्च 50, भिंडी 30, भट्टा 50, बरबटी 40, करेला 80, आलू 50, प्याज 50, अदरक 200, लहसून 200 रुपए किलो, लालभाजी 20 रूपए में 7 जूड़ी बिक रही है।

### आदिवासियों की जमीन हड़पने की रची जा रही साजिश : कर्मा

**जगदलपुर।** कांग्रेस नेत्री रुकमणी कर्मा ने जारी बयान में कहा कि सर्व आदिवासी समाज पेसा कानून और पांचवी अनुसूची में संशोधन व ऐसे लेख का विरोध और आपत्ति करेगी। इस कानून



की वजह से ही हमारी जमीन सुरक्षित है। ये हमारी जमीन नहीं खरीद सकते, बस्तर के खनिज संपदाओं का दोहन लगातार कर रहे हैं। अब हमारी आदिवासियों की जमीनों पर नजर है यह गैर आदिवासियों की साजिश है। पांचवी अनुसूची और पेसा कानून को कैसे कमजोर किया जाए इस पर गैर आदिवासियों के द्वारा कुछ आदिवासियों को तैयार कर जानबूझकर ऐसा माहौल बनाया जा रहा है। ये आदिवासियों के भक्षक हैं। मैं पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविंद नेताम के बयान लैंड बैंक बनाने का समर्थन करती हूं बहुत अच्छा सुझाव है यदि सरकार की नीयत ठीक हो तो। इस पर गंभीरता से विचार कर नियम कानून बनाएं।

## सोंढ़ूर नदी का लेवल बढ़ा, वनांचल की सड़कों की हालत खराब

# बारिश में आधा दर्जन गांव टापू बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

बारिश से दो पंचायत के आधा दर्जन से अधिक गांवों से संपर्क टूट गया है। पहले लोग नदी में सीना तक भरे पानी को पार करके आते थे, अब तो पानी का लेवल सिर से ऊपर हो गया है। यहीं नहीं सड़कों की हालत खराब होने के कारण वनांचल में सफर मुश्किल भरा है।

एक सप्ताह से चली आ रही अनवरत बारिश वनांचलवासियों पर मुसीबत बन टूटी है। सोंढ़ूर नदी का जलस्तर बढ़ गया है। इससे गादुलबाहरा, रिसगांव, जोरातराई, आमाबाहरा, करही सहित आधा दर्जन से अधिक गांवों का संपर्क टूट गया है। समस्या तो बारिश के साथ ही शुरु हो गई थी। इन गांवों में पहुंचने के लिए सोंढ़ूर नदी में कोई पुल नहीं बना है। बारिश शुरु होते ही नदी में पानी का बहाव चालू हो गया था। अब तक ग्रामीण सीने तक भरे पानी को पार करके आते थे, लेकिन ज्यादा बारिश के कारण पानी सिर से उपर बह रहा है। ऐसे में लोगों की आवाजाही बंद हो गई है।



### फरसगांव से मुंहकोट मार्ग में पुलिया टूटी





ग्राम पंचायत फरसगांव के अश्रित गांव मुंहकोट जाने के रास्ते में एक पुलिया है। पहली बारिश में ही यह पुलिया ध्वस्त हो गई। जैसे तैसे बाइक वाले रिस्क लेकर पुलिस पार कर लेते हैं, लेकिन चारपहिया वाहनों का आना-जाना पूरी तरह से बंद है। ग्रामीणों ने बताया कि इस प्रकार की समस्या का उन्हें हर साल सामना करना पड़ता है। यहां के अधिकांश गांवों में पहुंच मार्ग बारिश के साथ ही दलदली और कीचड़ युक्त हो जाता है। कई गांव तो ऐसे हैं जहां पर सड़क ही नहीं बनी है। पगडंडी से लोग आवाजाही करते हैं।

### कम नहीं है समस्या

घोटागांव तक जाने के लिए सोंढ़ूर नदी के साथ दो नालों को भी पार करना पड़ता है। न तो नदी में पुल है और न ही नालों में रपटा। एक भी जगह पानी ज्यादा होने पर ग्रामीण की आवाजाही बंद हो जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि स्वास्थ्य सुविधा, राशन सहित अन्य सुविधाओं के लिए सोंढ़ूर नदी और दोनों नालों को पार करके 12 किमी दूर फरसियां, भोथली, सांकरा आना जाना पड़ता है। कई बार तो नदी और नालों में पानी ज्यादा होने से मरीजों की जान पर बन आती है। गर्भवती महिलाओं को भी इस मुसीबत से जूझना पड़ रहा है।

### अंधेरे में जीवन

वनांचल के कई गांवों में विद्युत विभाग की बिजली नहीं पहुंची है। लाखों रुपए इन्वेस्ट कर क्रेडा द्वारा इन गांवों में सोलर पावर प्लांट लगाए गए हैं। हाल ही में इन प्लांट की क्षमता में बढ़ोतरी की गई है। इसके बाद भी ग्रामीणों को पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है। कई स्थानों पर तो पावर प्लांट अधूरा पड़ा हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के चलते पावर प्लांट की बैटरियां चार्ज नहीं हो पा रही हैं। क्षमता वृद्धि का कोई लाभ नहीं मिल रहा है। रात को डेढ़ से दो घंटे ही बिजली मिलती है। बाकी वक्त ग्रामीणों को चिमनी और कैंडिल के भरोसे गुजारना पड़ रहा है।

# महानदी परियोजना के सभी बांधों में पचास फीसदी पानी भरा

- बारिश से राहत की संभावना नहीं, दो दिन बाद वर्षा गतिविधियां बढ़ सकती हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



20 जुलाई से हो रही बारिश से गंगरेल सहित सभी बांधों में 50 प्रतिशत पानी जमा हो गया है। लगातार बारिश से जनजीववन प्रभावित है। लोगों को मौसम साफ होने का बेसब्री से इंतजार है। इधर मौसम विभाग ने धमतरी जिले को 24 घंटे के लिए यलो अलर्ट पर रखा है।

पिछले सप्ताह 19-20 जुलाई से जिले में मानसून व्यापक रूप से सक्रिय है। सप्ताह भर में 27 सेमी बारिश का रिकार्ड दर्ज किया गया है। शनिवार शाम 5 बजे की रिपोर्ट में गंगरेल बांध में 51 फीसदी जलभराव हो चुका है। यहां कैचमेंट एरिया से पानी की आवक 11666 क्यूसेक हो रही है। ग्रास लेवल पर 19.040 टीएमसी तथा उपयोगी पानी 13.969 जमा हो गया है। सूखे से जूझ रहे गंगरेल बांध में अब 51 फीसदी जलभराव हो गया है। माड़मसिल्ली बांध में 3.234 टीएमसी पानी के साथ 56.54 फीसदी जलभराव हो गया है। यहां पानी की आवक 1100 क्यूसेक हो रही है। परियोजना के दूसरे बड़े बांध दुधावा में 46 फीसदी जलभराव हो गया है। इस बांध में 4.543 टीएमसी पानी जमा है। दुधावा में पानी की आवक 1016 क्यूसेक हो रही है। सोंढ़ूर बांध में 845 क्यूसेक पानी की आवक हो रही है। बांध में 50 फीसदी जलभराव है। 6.995 टीएमसी क्षमता वाले इस बांध में 3.781 टीएमसी पानी है।

### बांधों में 22 टीएमसी पानी की आवक

सावन की पहली बारिश ने प्यासे बांधों की आधी प्यास बुझा दी है। गंगरेल बांध में 12.252, माड़मसिल्ली में 3.235, दुधावा में 3.654, सोंढ़ूर बांध में 2.676 टीएमसी पानी की आवक हुई है। सिंचाई विभाग से मिली जानकारी के अनुसार एक सप्ताह में परियोजना के बांधों में 22 टीएमसी पानी की आवक हो गई है।

### धमतरी जिला येलो अलर्ट पर

मौसम केंद्र रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार दो दिन तक प्रदेश में वर्षा की गतिविधियां कम होने के बाद फिर बढ़ सकती हैं। गंगटीय बंगाल और उत्तर उड़ीसा पर स्थित कम दबाव का क्षेत्र तथा इससे संबद्ध चक्रवाती परिसंचरण औसत समुद्र तल से 7.6 किमी की ऊंचाई पर फैला है। अगले 24 घंटे के दौरान इसके पश्चिम उत्तर की ओर बढ़ने की संभावना है। धमतरी जिले को 24 घंटे के लिए येलो अलर्ट पर रखा गया है।

# पांच वार्डों की समस्याएं से अवगत होकर किया त्वरित निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

रविवार को देवांगन समाज भवन में वीर सावरकर, भगत सिंह, सिविल लाइन, लाल बहादुर शास्त्री एवं चंद्रशेखर आजाद वार्ड के लोग शामिल हुए। जनसमस्या निवारण

- जनसमस्या निवारण पखवाड़ा में समस्याओं से रूबरू हुए जनप्रतिनिधि




पखवाड़ा में वार्डवासियों की समस्याओं का निगम प्रशासन ने निराकरण किया। शिविर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का जनप्रतिनिधियों एवं आमजनों ने श्रवण किया। महापौर सफीरा साहू, एमआईसी सदस्य भारती श्रीवास्तव, नरसिंह राव, आलोक अवस्थी, दयावती देवांगन, पार्षद संजय पांडे, यशवंत धुरव, रीना घोष, नीलम यादव, त्रिवेणी रंधारी, आयुक्त हरेश मंडावी, पूर्व पार्षद खेम सिंह देवांगन, राणा घोष उपस्थित रहे। शिविर में वार्डवासियों द्वारा नाली, गली की साफ सफाई, लीकेज, स्ट्रीट लाइट जैसी समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। महापौर ने बताया जन समस्या निवारण पखवाड़ा में जनता की समस्याओं का निराकरण होने पर सरकार के प्रति लोगों में सद्भाव दिखा। राज्य सरकार के मंशा के अनुरूप जनता से सीधे जुड़कर उनकी मूलभूत समस्याओं का निराकरण करने का कार्य किया जा रहा है। आयुक्त ने बताया कि जनसमस्या निवारण पखवाड़ा में समस्या लेकर पहुंच रहे लोगों को तत्काल राहत देकर निराकरण किया जा रहा है। जिन समस्याओं का स्थल पर समाधान नही होने पर उसे सूचीबद्ध कर जल्द निराकरण करने का पहल करने का आश्वासन दिया गया।

### नल कनेक्शन राशन कार्ड तत्काल

जन समस्या निवारण पखवाड़े में लोग नल कनेक्शन, राशन कार्ड, पेंशन योजना, प्रधानमंत्री आवास, स्ट्रीट लाइट संबंधी, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, भवन अनुज्ञा, जलापूर्ति में लीकेज, साफ सफाई, टूटी फूटी नालियों का निर्माण, सड़क जैसे जनता की समस्या होती है। इन मांगों को स्थल पर ही निराकरण किया जा रहा है। 29 जुलाई को शिविर गुरु घासीदास वार्ड, अब्दुल कलाम वार्ड, फिरंता मार्केट के सामुदायिक भवन में लगाया जाएगा। इस दौरान नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी एवं अन्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

## गोरियाबहार सड़क में पानी भरने से कई गांव का संपर्क जिला मुख्यालय से कटा...



**जगदलपुर।** लगातार हो रही बारिश से लालबाग से माड़पाल जाने वाले मार्ग पर गोरियाबहार नाला का पानी सड़क के उपर बह रहा है। जिसके चलते दर्जनों गांव का संपर्क जिला मुख्यालय से कट गया है। गणपति रिसोर्ट के आगे सड़क के उपर पानी बह रहा है। उस पार माड़पाल, कलचा, तुरेनार, गारावंडकला समेत नगरनार की ओर के कई गांव हैं। लोग मुख्य राष्ट्रीय राजमार्ग से अपने गांव जा रहे हैं। पुलिया में पानी भरने की जानकारी नहीं होने से माड़पाल की ओर से आने वाले लोगों को रास्ता बदलकर शहर आना पड़ा। गौरतलब है कि नवनिर्वाचित सांसद महेश कश्यप का गांव कलचा का भी सीधा संपर्क जिला मुख्यालय से कट गया। हालांकि सांसद का गांव पहुंचने के लिए कुछ दूसरे रास्ते भी हैं इसलिए लोगों को मार्ग बदलकर सांसद का गांव आना जाना पड़ा।



### लाल चर्च मैदान में हुआ पौधरोपण

**जगदलपुर।** रविवार को चन्दैया मेमोरियल मेथोडिस्ट एपिस्कोपल चर्च में आराधना के पश्चात मसीह समाज के द्वारा मैदान में पौधारोपण किया गया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण पर युवाओं के बीच जलवायु परिवर्तन एवं ग्लोबल वार्मिंग के विषय पर जनजागरण कार्यक्रम चलाया गया। आज के अतिथि ट्रीमैन संपत झा के नेतृत्व में बिशप डा एससुना, पास्टर लारेंस दास की अगुवाई में प्रभु यीशु मसीह से पौधों के रख-रखाव उचित देखभाल की दुआ मांगी गई। संपत झा ने बताया कि बस्तर में बहुतायत में वन है, लेकिन पिछले कुछ सालों में पर्यावरण तेजी से बिगड़ा है। यही वजह है कि अब बस्तर का तापमान बढ़ रहा है। बस्तर में औद्योगिकीकरण की शुरूआत हो चुकी है। विकास के साथ साथ पर्यावरण संतुलन के लिए हर व्यक्ति को कम से कम एक पौधे लगाकर कम से कम 2 साल पौधे की देखभाल करने की आवश्यकता है। रत्नेश बेंजामिन ने बताया कि निरंतर लाल चर्च प्रांगण और जहां भी लाल चर्च में जगह है वहां हम इस साल ज्यादा से ज्यादा पौधों का रोपण करेंगे और उसकी सुरक्षा करेंगे और प्रकृति के लिए पर्यावरण को सहजने मे हम अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। इस दौरान सुरेंद्र जॉन, मनोज कान्त चौधरी, नरेन्द्र डेनियल, दीपक जोशी , राजेश्वर राव, मीना सेनापति, एमई वायएफ की अध्यक्ष ईशा चौधरी, श्वेता सिंह, ऐश्वर्या राव, सुहानी दाउद, अलौकिक राव, आरनी पारकर, रैनिल जान, डेनिस दास, अभिषेक पौलुस, ऐनोश लाल, रौनक बेंजामिन उपस्थित थे।

# पालक और नागरिक विद्या दान के लिए आगे आएं : बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

कलेक्टर विजय दयाराम के. के निर्देशानुसार और सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे के मार्गदर्शन में जिले के समस्त शालाओं में विगत 7 दिनों से चले आ रहे शैक्षिक

- रविवार को समापन अवसर पर जनसहभागिता पर हुए कार्यक्रम




सप्ताह के आयोजन का रविवार को समापन किया गया। साप्ताहिक अवकाश होने के बावजूद विद्यार्थियों, शिक्षकों और उनके पालक सहित ग्राम एवं शहर के अन्य नागरिकों ने शालाओं में आयोजित किया जा रहे कार्यक्रमों में उत्साह से सहभागिता निभाई। जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल ने बताया कि स्कूलों में विद्यांजलि योजना के अंतर्गत नागरिकों एवं पालकों से शाला में विद्या दान हेतु आह्वान किया गया। उन्हें कार्यक्रम के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि सामाजिक सहभागिता के बिना कोई भी समाज विकास विकास की ओर अग्रसर नहीं हो सकता है। इसे ध्यान रखते हुए शालाओं के संचालन में भी समाज की भूमिका सुनिश्चित करने पहल किया जा रहा है। शालाओं का उचित विकास एवं शैक्षणिक स्तर में तभी विकास हो सकता है जब समाज अपनी अहम भूमिका निभाये। विद्यांजलि कार्यक्रम अंतर्गत समाज के लोग स्वयं आगे बढ़कर स्वयंसेवी के रूप में शिक्षा का दान करते हैं, जिससे एक और शिक्षक की कमी पूरी होती है साथ ही विद्यार्थियों को नए शैक्षणिक अनुभव मिलते हैं। जिले के समस्त शालाओं में शैक्षिक सप्ताह के सातवें एवं अंतिम दिन के कार्यक्रमों में शालाओं में उपस्थित समस्त पालकों एवं नागरिकों से शाला के प्रभारियों ने शाला विकास पर चर्चा किया। लंबे समय से अनुपस्थित विद्यार्थियों को किस प्रकार पुनः स्कूल से जोड़ा जाए इस पर योजना बनायी गई और शाला के वार्षिक योजना पर उनसे सलाह ली गई। अंत में संस्था प्रमुखों द्वारा उपस्थित नागरिकों का शैक्षिक सप्ताह के सातों दिन उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में उपस्थित होकर सक्रिय सहयोग देने के लिए आभार माना और न्योता भोज के साथ शैक्षणिक सप्ताह का समापन किया गया।

# शहर की सफाई व्यवस्था वेंटिलेटर पर : मौर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने जारी बयान में कहा कि शहर में सफाई व्यवस्था वेंटिलेटर पर जा चुकी है जो निगम प्रशासन व महापौर की निक्रिरयता

- जागरूकता अभियान पूरी तरह फेल, शहरवासियों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ नही करेंगे बर्दाश्त

का परिचायक है। लोकमान्य तिलक वार्ड पल्लीनाका से गीदम रोड की ओर जाने वाली सड़क के किनारे नगर निगम द्वारा कचरा डंप किया जा रहा है। बारिश के चलते उन कचरों से भरे गड्ढों में जल भराव हो गया है, जिससे आसपास के इलाकों में बदबू फैल रही है। इस स्थान से लगभग 100-200 मीटर की दूरी पर लोग निवास करते हैं, जिससे मलेरिया और डेंगू का खतरा बढ़ गया है। यह स्थिति दर्शाती है कि नगर निगम और महापौर शहर की सफाई और जनता के स्वास्थ्य के प्रति कितने लापरवाह हैं। निगम द्वारा चलाए जा रहे डेंगू और मलेरिया जागरूकता अभियान केवल भ्रष्टाचार का नया तरीका हैं, जिसमें जनता की भलाई कहीं नजर नहीं आती।



वार्डवासी और पार्षद द्वारा कई बार नगर निगम को इस समस्या की सूचना दी गई, किंतु निगम और महापौर ने इस पर कोई कारवाई नहीं की। महापौर की इस लापरवाही और भ्रष्टाचार के कारण शहर की स्वच्छता रैंकिंग में भारी गिरावट आई है। शहरवासियों के स्वास्थ्य और स्वच्छता के साथ हो रहे इस खिलवाड़ को बर्दाश्त नहीं करेंगे। महापौर और नगर निगम की इस नाकामी को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता और हम उन्हें इसका हिसाब जरूर देंगे।

## ग्राफिक डिजाइन सॉफ्टवेयर वीडियो एडिटिंग टूल सीखने में करता है मदद

# स्कूली बच्चों ने जाना डिजिटल मीडिया का महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



अलनार के स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में शिक्षा सप्ताह के पांचवे दिन बच्चों ने डिजिटल मीडिया के महत्व को समझा और जाना। प्रधानाचार्य अजय कोर्राम ने बताया कि डिजिटल मीडिया बच्चों को विज्ञान, इतिहास और अन्य विषयों के बारे में अधिक इंटरैक्टिव और इमर्सिव तरीके से सीखने में मदद करता है। वे मजेदार वीडियो देख सकते हैं, आभासी दुनिया का पता लगा सकते हैं और शैक्षिक खेल खेल सकते हैं जो उन्हें जटिल अवधारणाओं को मनोरंजक और जानकारीपूर्ण तरीके से समझने में मदद करते हैं। शिक्षक हर्ष शशांक शेंडे ने बच्चों को समझाया कि अगर सही तरीके से इस्तेमाल किया जाए तो डिजिटल मीडिया के सकारात्मक प्रभाव है और दुरूपयोग से ये कैसे अभिशाप बन सकता है। व्याख्याता राहुल कुमार पांडेय ने कहा कि डिजिटल मीडिया का एक महत्वपूर्ण लाभ यह है कि यह बच्चों को रचनात्मक बनने में मदद करता है। ग्राफिक डिजाइन सॉफ्टवेयर, म्यूजिक प्रोडक्शन और वीडियो एडिटिंग टूल जैसे डिजिटल टूल की मदद से बच्चे खुद को नए और रोमांचक तरीकों से अभिव्यक्त कर सकते हैं। इस दौरान शिक्षक नरेश देवांगन, श्रीकांत कश्यप, चुलेश्वर, अजीत कुशवाहा, संजय कुमार मंडावी, स्पंदन पाराशर, एम.पुष्पा जैन, ज्योति कुजूर, स्मृति कुजूर, पूजा रंगारी, नेहा श्रीवास सहित स्टाफ व अन्य उपस्थित रहे।

